


रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएँ

पाक्षिक

# टेक्सटाईल वर्ल्ड

Postal Registration No : BHILWARA/208/2021-2023 Posting on 24-08-2023 at Rail Mail Service, Bhilwara

वर्ष-26 | अंक-05 | भीलवाड़ा/ 22 अगस्त, 2023 | कुल पृष्ठ- 28 | मूल्य : 25 रुपए | 1

























# कॉटन यार्न की मांग सुधरने पर ही उत्पादन में आएगी तेजी

**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय**

यार्न में करेंट नहीं है। कॉटन यार्न के भाव सुस्त है। मांग का अभाव है, जबकि कॉटन यार्न का उत्पादन कम हो रहा है, बावजूद कॉटन यार्न की मांग कमजोर है। बीच की अवधि में मांग एवं आपूर्ति के बीच असंतुलन होने की संभावना से कॉटन यार्न में उछाल आया था, लेकिन यह उछाल टिक नहीं सका और कॉटन यार्न पर फिर से दबाव बनना शुरू हो गया है। सीजन 2022-23 में रुई का

Since 1999 9004668794
KATARIA INSURANCE
SHOP . GODOWN . FACTORY

उत्पादन, आयात एवं निर्यात के जो आंकडे आए हैं, उसके अनुसार आगे रूई के भाव में उछाल की संभावना कम लग रही है। बाजार में रूई के भाव स्थिर रहते हैं तो मिलें यार्न का उत्पादन जारी रखने के लिए कदम बढ़ा सकती है। यद्यपि सूती कपडों का उठाव कम होने से यार्न की मांग सुस्त है।

कपड़ों का उत्पादन कम होने और आगे की ग्राहकी निकलने में देरी की संभावना को देखते हुए ग्रे कपड़ों का उठाव तो घटा ही है, फिनिश कपड़ों की मांग भी नहीं बढ़ रही है, इसलिए बाजारों में कॉटन यार्न की मांग में कोई बड़ा उछाल नहीं आ रहा है। मिलों के पास निर्यात ऑर्डर कमजोर हैं, उल्टे कुछ यार्न का आयात किया जा रहा है। संतोषजनक बात यह है कि कॉटन यार्न के कच्चे माल रूई में अब अधिक भाव बढ़ने की संभावना नहीं है। कारण कि रूई के भाव में बिना वजह भाव में हो रहे उतार एवं चढ़ाव के कारण न केवल स्पिनिंग इकाइयों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा है, बल्कि जिनिंग इकाइयों को भी भाव में स्थिरता नहीं होने के कारण जोखिम एवं नुकसान उठाने पड़े हैं।


जहां तक कॉटन यार्न के उत्पादन का सवाल है, ऐसी रिपोर्ट है कि यार्न का उत्पादन थोड़ी गति पकड़ना शुरू कर दिया है। यदि स्थानीय एवं निर्यात मांग का उचित सपोर्ट मिले तो स्पिनिंग मिलों में यार्न का उत्पादन जल्द अपने स्तर पर आ सकता है। उत्तर और मध्य भारत में स्पिनिंग मिलों में उत्पादन 75 से 90 प्रतिशत की क्षमता से हो रहा है, तो साउथ की ओर मिलों में उत्पादन 60 से 75 प्रतिशत की क्षमता से है। कॉटन यार्न का बिक्री समीकरण बिगड़ने से मिलें अपनी पूरी क्षमता के साथ उत्पादन करने में असमर्थ है। लंबे समय से कमजोर रही मांग में सुधार के संकेत है। हाल मिलों को 30 कोम्ब कॉटन यार्न का भाव थोड़ा कम 242 से 243 रू प्रति किलो मिल रहा है।















# पर्यटकों की रेलमपेल से हैण्डीक्राफ्ट वस्त्रों की बम्पर बिक्री

**उदयपुर/ नवीन कोठारी**

देश का दूसरा कश्मीर कही जाने वाली लेक सिटी में पर्यटकों के जबरदस्त आगमन से हस्त निर्मित वस्त्रों की अचानक मांग बढ़ गई। यहां का खुशनुमा वातावरण पर्यटकों को इतना आकर्षित कर रहा है कि वीकेण्ड और दो-तीन अवकाश के दिनों में पूरे शहर में जाम की स्थिति बन जाती है।

स्थानीय वस्त्र बाजार में राजस्थानी हस्तशिल्प वस्त्र का अच्छा-खासा व्यापार होता है। अन्य राज्यों में राजस्थानी हस्तशिल्प के वस्त्र बहुत पसंद किये जाते हैं। यही कारण है कि यहाँ घूमने आने वाले अधिकतर यहां की यादगिरी के रूप में इन वस्त्रों को खरीदते हैं। बंधेज की साड़ियाँ हो या ट्रेडिशनल लहंगे-कुर्ते। इनकी सर्वाधिक डिमाण्ड रहती है। स्थानीय बाजार में इनका स्टॉक भरपूर मिलता है और अच्छी तादाद में बेचा भी जाता है। अन्य वस्त्रों में लहरिये के अलावा अन्य वस्त्रों का बाजार नरम है किन्तु आने वाले दिनों में बाजार में उठाव की आशा है।




## कमजोर मांग के चलते स्पिनिंग एवं वीविंग इण्डस्ट्रीज असमंजस की स्थिति में

# त्यौहारी मांग पर टिकी आशाएँ

**इरोड/ जैन ललित धारीवाल**

साउथ टेक्सटाइल्स इंडस्ट्रीज पिछले 18 महीनों में स्पिनिंग एंड वीविंग इंडस्ट्रीज बहुत ही ज्यादा मंदी का दंश झेल रही है। लगातार यार्न की रेट में बढ़ोतरी ओर कमजोर मांग की वजह से व्यापार में अभी सुधार आता दिख नहीं रहा है लेकिन इरोड टेक्सटाइल्स अपने आप में एक सुलझा हुआ बाजार होने के कारण धीरे-धीरे अपने वजूद को बरकरार रखने का भरसक प्रयास कर रहा है। लेकिन कमजोर मांग और पेमेंट के ढीलेपन के कारण दो-चार दिन चलने लगता है, पुनः यथास्थिति में आ जाता है।

रेयॉन फैब्रिक्स में लगातार अधिकतम उत्पादन होने के कारण मांग में कमी है। रेयॉन फैब्रिक जो अहमदाबाद मार्केट में सबसे ज्यादा प्रोसेस के लिए भेजा जाता था। अहमदाबाद प्रदूषण कंट्रोल विभाग की प्रोसेसिंग फैक्ट्रियों पर ताला लगाने के कारण कपड़ा प्रोसेस हो नहीं पा रहा है। अतः वीवर के पास माल का अधिकतम स्टॉक होने की वजह से आए भावों में कोई विशेष बढ़ोतरी नहीं देखी जा रही है। पिछले कई महीनों से रेयॉन यार्न 190 रु किलो के भाव पर टिका हुआ है। अतः कई वीवर रेयॉन फैब्रिक्स की जगह कॉटन फैब्रिक्स बनाने में जुट गए हैं लेकिन कॉटन कपड़ा जिसकी उत्पादक रेट बहुत ज्यादा होने की वजह से बिक्री बहुत कमजोर आंकी गई है। अभी दीवाली के सीजन को देखते हैं। साउथ इंडिया टेक्सटाइल्स इंडस्ट्री रेयॉन एवं कॉटन कपड़ों में डोबी डिजाइन का उत्पादन जोर-शोर से कर रहा है। आशा है कि आगामी महीनों में साउथ इंडिया टेक्सटाइल इंडस्ट्री अपने पुराने रुबाब में नजर आएगी।





# त्रिवेणी स्पिनिंग मिल्स ने बाजार में मचाई धमाल

**नेपाल**

त्रिवेणी स्पिनिंग मिल्स प्रा.लि., नेपाल में मचाई बाजार में रूमाल पवन एंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर श्री बी जी झंवर हाल ही में त्रिवेणी स्पिनिंग मिल्स, नेपाल के अधिकृत डीलर बने/ प्रेस वार्ता में इन्होंने बताया कि नेपाल की प्रमुख मिल्स त्रिवेणी का 300-400 टन यार्न भीलवाड़ा बाजार में आ रहा है। भीलवाड़ा के व्यापारी सभी काउन्ट निरन्तर ले रहे हैं। जिसमें प्रमुख काउन्ट 1/15s पॉलिस्टर जो कि माइक्रो फाइबर से बना हुआ है, जिसकी वजह से कपड़े में स्पन फील आती है। 2/30 पीवी ग्रे, 70/30 फाइन डोनियर फाइबर से बनाया जा रहा है। भीलवाड़ा के व्यापारी 2/30 पी वी ग्रे को मल्टीपल क्वालिटी में यूज कर रहे हैं। भीलवाड़ा में त्रिवेणी नेपाल के यार्न 1/15, 2/30 व 2/40 पीवी 70/20 ब्लैक की लगातार डिमाण्ड बनी हुई है। हाल ही में कम्पनी ने दो नए काउन्ट 2/20 पॉलिस्टर माइक्रो फाइबर व 2/18 फाइन डोनियर से बना कर भीलवाड़ा भेजा है। क्वालिटी की गुणवत्ता के कारण कम समय में ही त्रिवेणी (नेपाल) ने बाजार में अपना दबदबा बनाया है। त्रिवेणी नेपाल में हाल ही में 2/30 मीलान्ज के अंदर इलाज में डवलपमेंट स्टार्ट कर दिया है। कंपनी ने 10-12 शेड डवलपमेन्ट कर दिए हैं, बाकी के शेड अभी डवलपमेंट में है। आशा है आने वाले महीनों के अंदर कंपनी 200 से 300 टन माल डाइड का भीलवाड़ा बेचने का प्लान कर रही है।

## नहीं सुधरे हालात, मंदी अभी बरकरार

**मुजफ्फरनगर/ अजय कुमार सिंघल....** मुजफ्फरनगर वस्त्र व्यवसाय अभी मंदी से बाहर नहीं निकल पाया है। लगन साया मुहूर्त फिलहाल बंद है, कोई प्रमुख त्यौहार भी नहीं है। पेमेंट की आवक कमजोर बनी हुई है, रिटेल में काफी पार्टियां कम पूँजी से काम करने वाले को भी थोक व्यापारी माल दे रहे हैं, किन्तु अधिकांश मामलों में पार्टी फेल हो जाती है, ये समस्या आम है। अभी कुछ दिनों और मंदी अभी रह सकती है। मुजफ्फरनगर के लेडीज सूट निर्माता भी अभी शान्त हैं, छूटपुट डिमांड के अतिरिक्त कुछ नहीं है।




# खादी की लोकप्रियता में वृद्धि बरकरार

## वित्तीय कारोबार की वर्तमान स्थिति

**कोल्हापुर/ राहुल खाड़े**

स्वतंत्रता आंदोलन में खादी एक स्वदेशी आंदोलन बन गया। विदेशी वस्त्रों से दूरी बनाते हुए स्वदेशी वस्त्रों को बढ़ावा देने के लिए खादी वस्त्रों के प्रयोग को प्रोत्साहित किया गया। अब फैशन के युग में भी खादी अपनी उपस्थिति और अधिक स्पष्ट कर रही है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए खादी का उपयोग बढ़ाने पर व्यापक ध्यान दिया था। आज़ादी के बाद भारत का राष्ट्रीय ध्वज खादी कपड़े से बनाने के निर्णय ने इसके महत्व को और उजागर किया। खादी के प्रसार के लिए देश में 1957 में खादी ग्रामोद्योग आयोग की स्थापना की गई। खादी ग्रामोद्योग मंडल के माध्यम से प्रदेश में खादी का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। कहा जाता है कि खादी एक ऐसा परिधान है जो किसी भी मौसम में शरीर के लिए आरामदायक होता है।


आजादी के बाद से ही देश में खादी के प्रसार के प्रयास किये जा रहे हैं। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने खादी का झंडा फहराया। खादी ग्रामोद्योग आयोग द्वारा विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन के कारण खादी का प्रसार हुआ। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'ब्रांड खादी' बनाने का प्रयास किया है। वे स्वयं खादी पहनने वाले बन गए। अपने कपड़ों में खादी से बने जैकेट, कुर्ता, टोपी, मफलर का उपयोग करने लगे। वे लगातार लोगों से खादी का इस्तेमाल करने की अपील कर रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने भी अपील की कि अमीर लोगों को सालाना 5000 खादी देना चाहिए। खादी ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार गोयल ने 'ब्राण्ड शक्ति ' अभियान शुरू किया है।


हाल ही में खादी के लिए अनुकूल माहौल के चलते खादी ग्रामोद्योग की बिक्री का आंकड़ा करोड़ की उड़ान भर चुका है। पिछले नौ वर्षों में खादी ग्रामोद्योग का कारोबार काफी बढ़ा है। साल 2023-14 में यह 31,154 करोड़ था। साल 2022-23 में यह बढ़कर 1 करोड़ 34 लाख करोड़ रुपये यानी 332 फीसदी हो गया है। इस क्षेत्र में, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में, लगभग 1 मिलियन नई नौकरियाँ सृजित हुई हैं।

अकेले खादी पर गौर करें तो आंकड़े बताते हैं कि इसमें भी नए कीर्तिमान स्थापित हुए हैं। वर्ष 2013-14 में खादी कपड़े का उत्पादन 811 करोड़ रुपये था। 2022-23 में यह बढ़कर 2916 करोड़ रुपये हो गया है। इसमें 260 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। कोविड 19 संक्रमण के बाद प्राकृतिक वस्त्रों की मांग बढ़ी है। इससे खादी कारोबार को फायदा हुआ है और इसकी मांग बढ़ रही है। पिछले साल गांधी जयंती पर नई दिल्ली के खादी भवन में एक ही दिन में 1 करोड़ 34 लाख रुपये की रिकॉर्ड बिक्री हुई थी।

मेक इन इंडिया, वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भर भारत अभियान के जरिए खादी को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसमें ब्याज सब्सिडी, खादी सशक्ति करण, वर्कशेड प्रोत्साहन योजना, विपणन सुधार योजना, खादी का फैशनीकरण, बिक्री के लिए वेबसाइट आदि शामिल हैं।








# मेन्स फैशन इंडस्ट्री में प्रीमियम फैब्रिक ब्राण्ड PANERO की लॉञ्चिंग

मुम्बई/ मेन्स फैशन इंडस्ट्री में उच्च गुणवत्तायुक्त उत्पाद की मांग प्रचुर है। इसी कड़ी में हाल ही में मेन्स फैशन के क्लास और स्टेटस को परिभाषित करने के लक्ष्य से स्टाइलिश सूटिंग शर्टिंग PANERO ब्राण्ड की लॉञ्चिंग की घोषणा की गई। विश्वभर की फैशन कैपिटल में चल रहे फैशन, ट्रेंड, डिजाइंस और स्टाइल से प्रेरणा लेते हुए PANERO ब्राण्ड मेन्स फैशन की फर्स्ट चॉइस को जीवंत करता है। जो वर्ग अपने जीवन में परफेक्ट चॉइस रखते हैं, उन्हें विशिष्टता प्रदान करने का वादा करता है। आक्रामक एवं नई रणनीति के साथ चैनल पार्टनर्स एवं उपभोक्ताओं एवं पूरी टीम द्वारा एक विश्वस्तरीय पहुँच बनाने के लक्ष्य से PANERO ब्राण्ड की लॉञ्चिंग की जा रही है। किसी लक्ष्य को ध्यान में रखकर आगामी महीने में PANERO ब्राण्ड के लिए एक मजबूत टीम का गठन किया जा रहा है। कंपनी के उच्च प्रबंधन श्री प्रमोद वालिया, श्री आर.के. सिंह और श्री हेमंत वालिया ने यह जानकारी देते हुए कहा कि आगामी सीजन में व्यापार संवर्धन के लिए हम शुभकामनाएँ प्रेषित करते हैं। ब्राण्ड की अधिक जानकारी के लिए हमसे संपर्क भी कर सकते हैं।

PAÑERO
FABRIC THAT SPEAKS CLASS & COMFORT









# ÀBSOLŪTO द्वारा लखनऊ में रिटेल कॉन्फ्रेंस का आयोजन

## ऑटम विण्टर कलेक्शन की हुई जोरदार बुकिंग





**लखनऊ/** मेन्स फैशन फैब्रिक ब्राण्ड ABSOLUTO ने अपने अधिकृत होलसेल डीलर अग्रवाल शर्टिंग एवं ELITE के एजेंसी पार्टनर श्री गोपाल तुलस्यान के सानिध्य में 2 अगस्त 2023 को लखनऊ शहर स्थित गोल्डन ट्यूलिप होटल में सेल्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। कंपनी के युवा डायरेक्टर श्री हर्ष सेकसरिया ने व्यापारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर कॉन्फ्रें स का विधिवत शुभारंभ किया। आगामी विंटर एवं फेस्टिव सीजन के लिए ABSOLUTO द्वारा कॉन्फ्रेंस में आकर्षक फैब्रिक रेंज का डिस्प्ले लगाया गया। इस अवसर पर फैंसी प्रीमियम टीआर सूटिंग, एथनिक फैब्रिक्स, टेरीवूल सूटिंग्स में निर्मित नवीनतम रेंज की व्यापारियों ने खूब सराहना करते हुए अच्छी बुकिंग करवाई। श्री हर्ष सेकसरिया ने कहा कि ABSOLUTO मेन्स फैशन के लिए नित नए डवलपमेंट कर रहा है। मेन्स सूट से लेकर फॉर्मल एवं कैजुअल वीयर तथा शेरवानी, जैकेट्स, कुर्ता इत्यादि परिधानों के लिए ABSOLUTO की ओर से नया एवं फ्रेश कलेक्शन पेश किया गया। कंपनी ने आगामी सीजन के लिए प्रीमियम टीआर सूटिंग्स में नए रंगों एवं डिजाइंस में व्यापक रेंज तैयार की है, वहीं एथनिक वीयर के लिए जेकार्ड सूटिंग में सैकड़ों नई डिजाइंस का समावेश किया है। इसी तरह टेरीवूल सूटिंग्स में भी कंपनी ने ढेरों नये कॉन्सेप्ट पर आधारित डिजाइंस प्रस्तुत किए हैं, जिन्हें बाजार से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

### मेन्स वीयर के लिए सर्वोत्तम फैब्रिक रेंज

प्रीमियम सूटिंग फैब्रिक्स के क्षेत्र में द्रुत गति से आगे बढ़ रहे ब्राण्ड ABSOLUTO की ओर से निरंतर नए-नए डिजाइनर कलेक्शन पेश किए जा रहे हैं। वहीं ABSOLUTO ELITE आकर्षक टेरीवूल सूटिंग्स में नये कलर्स एवं डिजाइंस का उम्दा कलेक्शन प्रस्तुत किया है। वहीं WOOLLO BY ABSOLUTO ब्राण्ड के तहत जेकेटिंग के लिए नई रेंज पेश की है। सभी रेंज को बाजार से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

# अग्रवाल सिंटेक्स द्वारा डोनियर की रिटेल कॉन्फ्रेंस प्रस्तावित




**जयपुर/** सूटिंग-शर्टिंग के प्रमुख होलसेल संस्थान अग्रवाल सिंटेक्स, जयपुर द्वारा आगामी 13 सितंबर को प्रतिष्ठित मेन्स वियर फैब्रिक ब्राण्ड डोनियर की रिटेल कॉन्फ्रेंस की जाएगी। संस्थान के संचालक श्री महेंद्र कुमार जैन ने बताया कि एम. आई. रोड़ स्थित होटल गोल्डन ट्यूलिप में प्रस्तावित इस एक दिवसीय रिटेल कॉन्फ्रेंस में आगामी फेस्टिव एवं वेडिंग सीजन के लिए तैयार नवीनतम रेंज का आकर्षक डिस्प्ले एवं बुकिंग की जाएगी। कॉन्फ्रेंस में रिटेल व्यापारी विभिन्न तरह की आकर्षक स्कीम्स के तहत बुकिंग करा सकेंगे।

नॉर्थ जोन में बेस्ट डीलर के अवॉर्ड से सम्मानित विगत दिनों दुबई ट्रिप के दौरान ''डोनियर इंडस्ट्रीज लि.,'' मुंबई, द्वारा अग्रवाल सिंटेक्स को नॉर्थ जोन में बेस्ट सेल अवॉर्ड से नवाजा गया। दुबई ट्रिप में अग्रवाल सिंटेक्स की ओर से 50 रिटेल व्यापारियों ने शिरकत की थी।

# एजेन्सी कार्य में शिखर पर भैरव सिन्टेक्स


श्री महेंद्र जैन


श्री हर्ष जैन




**भीलवाड़ा/** स्थानीय वस्त्र मंडी में पिछले 25 से 26 वर्षों से कार्य कर रही फर्म भैरव सिंटेक्स एक जाना पहचाना नाम है। फर्म के डायरेक्टर श्री महेंद्र तातेड़ अपनी ईमानदारी लगन और मेहनत से अल्प समय में पूरे भारतवर्ष में अपनी एजेंसी का नेटवर्क स्थापित कर लिया है। श्री तातेड़ के साथ उनके युवा पुत्र हर्ष तातेड़ के नित नए डवलपमेंट से एजेंसी शिखर पर स्थापित हो चुकी है। श्री तातेड़ ने बताया कि फैब्रिक डायरेक्ट बायर को देते हैं और बीच में कोई भी मार्जिन नहीं रखते हैं। भीलवाड़ा की टोटल फैब्रिक और भिवंडी शर्टिंग की प्रमुख यूनिट से कार्य कर रहे हैं, साथ ही पाली बालोतरा का सभी फैब्रिक का कार्य हाल ही में चालू कर दिया है और आने वाले समय में कॉटन व डेनिम गारमेंट की प्लानिंग ले रखी है, जो कि अति शीघ्र शुरू करने वाले है। सभी क्वालिटी में पार्टी प्रोग्राम व सेलवेज में कॉस्टिंग बेस कार्य कर रहे हैं एवं सूरत की शर्टिंग एवं एथनिक फैब्रिक में वर्क कर रहे हैं। फर्म की कार्यशैली एवं प्रोडक्ट के बारे में श्री तातेड़ ने बताया कि यूनिफॉर्म की श्रेष्ठ क्वालिटी का विपणन करना हमारा ध्येय है। वर्तमान में यूनिफॉर्म के अंतर्गत विभिन्न कलर रेंज एवं डिजाइन वर्षभर हम पार्टियों को उपलब्ध करा रहे हैं। जिसमें स्कूल, कॉर्पोरेट, सिक्योरिटी, हॉस्पिटल, कॉलेज, होटल, एयरलाइन एवं इंडस्ट्रियल सेक्टर में भी माल की आपूर्ति कर रहे हैं। साथ ही एजेंसी आज पूरे भारत में अपने व्यापार का जाल बिछाए हुए हैं।



# बैंगलोर होलसेल क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन ने धूमधाम से मनाया स्वाधीनता दिवस

बंगलुरु/ बैंगलोर होलसेल क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन (BWCMA) द्वारा 77वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से चिकपेट में मनाया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि Ex. MLC हीरोइन श्रीमती तारा अनुराधा थी। BWCMA अध्यक्ष श्री प्रकाश पिरगल ने सबका स्वागत किया और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान एवं शहीदों को याद किया। भारत सरकार की नेशनल ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड ने व्यापारियों एवं उनके कर्मचारीयो के लिए पेंशन योजना की जानकारी दी। तिरंगा ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के बाद श्रीमती तारा ने शहीदों को याद कर श्रद्धांजलि दी, उन्होंने कहा आज काफ़ी साल बाद चिकपेट आने का मौका मिला। सचिव श्री योगेश सेठ एवं ख़ज़ांची श्री मानेक गादिया ने सम्मान किया, उपाध्यक्ष श्री नरेश मुथा ने आभार व्यक्त किया, श्री गिरीश माकम ने संचालन किया। कार्यक्रम के बाद 1500 जनों को अनंदानम किया गया।

### कर्नाटक के राज्यपाल की चाय पार्टी में शरीक हुए श्री पिरगल

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कर्नाटक के महामहिम राज्यपाल श्री थावर चंद गहलोत के निमंत्रण पर श्री प्रकाश पिरगल चाय पार्टी में शरीक हुए। इस अवसर पर श्री पिरगल ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री श्री सिद्धारमैया जी एवं राज्यपाल श्री थावर चंद गहलोत से मुलाकात की।










# लघु उद्योग भारती द्वारा भीलवाड़ा में इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर का आयोजन






भीलवाड़ा/ लघु उद्योग भारती द्वारा 15, 16 और 17 सितंबर को भीलवाड़ा में आयोजित होने वाले इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर के बारे में कनवीनर श्री गिरीश अग्रवाल ने जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि एमएसएमई की ग्रोथ के लिए हर वर्ष फेयर आयोजित किया जाता है। इस बार यह फेयर भीलवाड़ा में आयोजित हो रहा है। मेले में पधारने का निमंत्रण देने हेतु संपर्क जारी है। लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधिमंडल ने एमएसएमई मंत्री नारायण राणे और कपड़ा राज्य मंत्री दर्शाना जरदोश से मिलकर मेले का आमंत्रण दिया गया है। फेयर में बेस टेक्सटाइल, यार्न, वीविंग, प्रोसेसिंग, टीएफओ, गारमेंट, माइनिंग एवं एमएसएमई की 75 से 80 प्रतिशत स्टॉल बुक हो चुकी हैं। फेयर के चेयरमैन श्री महेश हुरकट ने बताया कि उद्योगों के आकर्षण को देखकर लगता है कि शीघ्र ही 100 प्रतिशत बुकिंग पूर्ण होने से स्टॉल बुकिंग बंद करनी पड़ेगी। यार्न उत्पादक बिलोसा इंडस्ट्रीज, फेयर की गोल्ड स्पॉन्सर है। यार्न कंपनी डी एन एच स्पिनर, वेलनोन पॉलिस्टर, फिला टेक्स, जीटेक्स मधुसूदन, केजरीवाल यार्न, पायनियर यार्न, सूर्य अम्बा आदि सभी कंपनियों की स्टॉल बुक हो चुकी है। फैंसी यार्न के महादेव टेक्सटाइल, सनग्लो, अभिलाषा पॉलिस्टर, आनंद स्पिनर की स्टॉल बुक हुई है। भीलवाड़ा की बड़ी कंपनी एलएनजे समूह, आरसीएम, जिंदल सॉ और मनोमय की स्टॉल बुक हुई है। मशीनरी सप्लायर का फेयर के प्रति आकर्षण बना हुआ है। वार्पिंग की कंपनियां राबा टेक्स, प्रशांतगामा टेक्स और टेक मेक इंडस्ट्रीज, लूम की सल्जर टोयटा, कंप्रेशर विनबेल कंप्रेसर, पेस इंजीनियर, एन बी मर्केंटाइल, भीलवाड़ा की मशीन उत्पादक श्री भगवती इंजीनियरिंग, ईश्वर टेक्सटाइल, एवं श्री सुलझ टेक्स, प्रतीक टेक्स भी फेयर में शामिल हो रही है। टीएफओ मशीन उत्पादक अलीधरा की स्टॉल भी बुक हुई है। सोलर कंपनियों का फेयर के प्रति विशेष आकर्षण बना हुआ है। फैब्रिक निर्माता ब्राइट स्टार और अनिरुद्ध टेक्स के साथ बड़ी संख्या में फैब्रिक कंपनी का उत्साह देखा गया है। बाहेती पॉलिफेब, पेसेडो अपीरियल, श्री विनायक टेक्सटाइल, मानसिंहका स्टोर, लुब ओ सेल्स, कूलर निर्माता राइजर इंपोर्ट एक्सपोर्ट, टेक्नो कैप्स, पी आर टेक्सप्रो, ब्लूमैन मशीन, आर बी इलेक्ट्रॉनिक्स, यूनाइटेड मेजु, इलेक्ट्रॉनिक की स्राइडर शालीमार इलेक्ट्रिकल्स एवं डायनामिक इंजीनियर्स, शिवम इंटरप्राइजेज, स्मार्ट टेक्स, क्वालिटी सूटिंग प्राइवेट लिमिटेड, जे एस आर, प्रांशी इंटरप्राइजेज, श्रीनाथ पैकेजिंग, आकाश टेक्सटाइल इंजिनियर्स, शुभम मिनकेम, जेएसके टेक्सकेम, डायफैब प्रेसर, सन इन्फोटेक सिस्टम की स्टॉल बुक हुई है। फेयर की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। मशीनरी स्टॉल बुकिंग का कार्य देख रहे राजीव शर्मा एवं राम रतन जागेटिया ने बताया कि मशीनरी की 95 प्रतिशत स्टॉल बुक हो चुकी है।

5 अगस्त को चित्तौड़ में लघु उद्योग भारती की प्रांतीय बैठक संपन्न हुई जिसमें नवीन दायित्व की घोषणा की गई है। जिसमें राजकुमार मेलाना प्रदेश संयुक्त सचिव, संजीव चिरानिया एवं रामकिशोर काबरा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, अजय मूंदड़ा प्रांत संयुक्त सचिव, महिला इकाई की विमला मुनोत एवं चंदा मूंदड़ा प्रांत कार्यकारिणी सदस्य घोषित किये गए।

प्रांत बैठक में बोलते हुए अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्री प्रकाश चंद्र ने कहा कि हम लघु उद्योग के लिए अनुकूल एवं संगठित वातावरण तैयार कर रोजगार एवं पूंजी का सृजन कर रहे हैं, जिससे देश के व्यक्ति का जीवन सुखी एवं समृद्ध हो। इस हेतु नवाचार पर भी विशेष ध्यान दे रहे हैं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री ताराचंद गोयल ने कहा संगठन मजबूत होगा तो उद्योग मजबूत होंगे। राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम ओझा ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में लघु उद्योग भारती की भूमिका पर जानकारी दी। प्रदेश महामंत्री योगेंद्र शर्मा ने नवीन दायित्व की घोषणा की। प्रांत बैठक में शंभू प्रसाद काबरा, पुरुषोत्तम अग्रवाल, हरगोविंद सोनी, सत्यनारायण झंवर, अजय अग्रवाल, ग्रोथ सेंटर इकाई के रामप्रकाश काबरा, राजकुमार मेहता, ओमप्रकाश जागेटिया, बिजोलिया इकाई के अभिषेक शर्मा, महिला इकाई की पल्लवी लड्डा, नीता बंसल, स्नेहलता मेलाना उपस्थित रहे।



# बाजार में सुधार दृश्यमान : तेजी का दौर जारी

**बालोतरा/ लालचन्द पुनित**


स्वतंत्रता पर्व के साथ बाजार में अच्छा सुधार दृश्यमान हो गया है। यार्न में तेजी की झलक के साथ ग्रे क्लॉथ के भाव में वृद्धि का क्रम जारी हो गया है। भाव वृद्धि माहौल से औद्योगिक उत्पादकों में चहल-पहल का वातावरण स्वतः ही उजागर हो गया है। ऐसा लगता है कि तेजी का जो दौर प्रारंभ हुआ है, उसमें और बढ़ाने की सम्भावनाएँ प्रतीत होने लगी है। माना कि देश के कई भागों में प्राकृतिक कारणों से हालात चुस्त नहीं है तथापि सामान्य स्थिति के बाजारों में बिक्री का आधार कायम हो गया है। परिणामस्वरुप पोपलीन आदि के ऑफर आने की रफ्तार जारी हो गई है। ग्रे क्लॉथ में एक नई स्थिति बन गई है। जो उद्यमी अब तक ग्रे माल खरीदने में हिचक रहे थे, वे आगे आकर खरीदारी करने को उत्साह हैं। लम्बे समय से ग्रे क्लॉथ के सौदे सुस्त पड़े थे, उसमें जीवन का संचार हो गया है। इसके साथ औद्योगिक क्षेत्र में चालानी का क्रम दृष्टिगोचर होने लगा है। पोपलीन, नाइटी, पेटीकोट, रोटो, पॉकेटिंग क्लॉथ की चालानी में अच्छे प्रतिष्ठानों की भागीदारी विशेष है, जिनके गोदाम में तैयार माल है। सामान्य यूनिटों के पास भी ऑफर आ रहे हैं, परंतु उन्हें अपनी रंगाबेजी पूरी करने के लिए एक-दूसरे का सहारा लेना पड़ रहा है। ब्राण्ड इमेज धारक गुणवत्तायुक्त माल उत्पादकों का ऐसा मानना कि स्वाधीनता पर्व की इन रश्मियों के साथ बालोतरा-जसोल के रंगाई-छपाई उद्योग में नवजीवन का संचार होकर विकास के एक नये अध्याय का सूत्रपात होगा। बालोतरा जिला रूप में आने के बाद प्रथम बार जिलास्तरीय स्वतंत्रता दिवस बड़ी शान-बान और आन के साथ उमंग-उत्साह के प्रचण्ड वेग से मनाया गया। बालोतरा जल प्रदूषण नियंत्रक एवं निवारक ट्रस्ट में अध्यक्ष श्री रूपचंद सालेचा ने तथा बालोतरा अरबन को-ऑपरेटिव बैंक में अध्यक्ष अशोक सिंघवी ने ध्वजारोहण किया। विभिन्न विद्यालयों में औद्योगिकी प्रतिष्ठानों में सरकारी विभागों में झंडारोहण कार्यक्रम संपन्न हुए। बालोतरा के इस राष्ट्रीय समारोह में सरोज बेन व कन्नूभाई प्रजापति दंपति को ईमानदारी के लिए सम्मानित किया गया। इस दंपति ने लाखों के स्वर्णभूषण लौटाकर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

जैन धर्मावलंबियों के पर्यूषण पर्व के संदर्भ में जप, तप और आराधना का माहौल है। पूजा अर्चना व आंगी रचना के महत्व को निहारने का इसे विशेष अवसर माना जाता है। साधु-साध्वियों के व्याख्यानों से धार्मिक संस्कारों को सम्बल व मोक्ष मार्ग हेतु कर्म निर्झरा की सरिता बहती नजर आती है। प्रथम जिलाध्यक्ष बालोतरा के पदासीन होने पर उनका स्वागत अभिनंदन किया गया। प्रमुख नागरिकों ने उनसे भेंट कर उन्हें बधाई से नवाजा। अपने उद्‌बोधन में उन्होंने बालोतरा के सर्वांगीण विकास में आम नागरिकों के सहयोग की अपेक्षा की।




## रक्षाबंधन के कारण लेडीज ड्रेस मटीरियल की ग्राहकी अच्छी

**ब्यावर/ अनिल डोसी...** स्थानीय बाजार में पर्यूषण पर्व के कारण बाजार सीमित समय तक ही खुल रहे हैं। इसी कारण मार्केट में ग्राहकी धीमी चल रही है। 15 अगस्त के बाद स्कूल यूनिफॉर्म की ग्राहकी भी कम हो गई है। आगामी सीजन के मुताबिक बाजार में नई क्वालिटियाँ आ रही है। पेमेंट की आवक कभी भी कमजोर बनी हुई है। लेडीज वीयर की मांग जोरों पर है। सूरत ड्रेस मटीरियल का माल लॉटसोट में बिक रहा है। सलवार-सूट, साड़ीयाँ, ब्लाउज पीस की मांग रक्षाबंधन को देखते हुए जोरों पर है।




# SGS की मेगा कॉन्फ्रेंस यात्रा 2023 उत्साह के साथ सम्पन्न









गंगटोक/ सबसे लंबी कॉन्फ्रेंस के लिए प्रख्यात कम्पनी एसजीएस सिल्क मिल्स द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपनी मेगा कॉन्फ्रेंस यात्रा 2023 में व्यापारियों में जमकर बुकिंग कराते हुए उत्साह के साथ गंगटोक की वादियों का भरपूर आनंद लिया। भरोसे की परंपरा का निर्वाह करते हुए कंपनी ने 25 जुलाई से 20 अगस्त 2023 तक इस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया वहाँ देशभर से लगभग 3700 से अधिक व्यापारियों ने सपरिवार शिरकत की। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री किशोर दास राठी ने बताया कि इस कॉफ्रेंस को लेकर कंपनी ने गंगटोक में दो होटल रमाडा पैलेस एवं लेमन ट्री में अपने व्यापारियों के ठहरने की शानदार व्यवस्था की और हर ग्रुप के व्यापारियों से कॉफ्रेंस का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करवाया।

**नये डवलपमेंट की शानदार बुकिंग-** कंपनी के डायरेक्टर श्री किशोर राठी ने बताया कि कंपनी द्वारा आगामी सीजन के लिए अनेक नए डवलपमेंट का जबरदस्त डिस्प्ले किया। जिससे आयातित यार्न से निर्मित टीआर की रेंज, स्पेनिश टीआर, रॉयल टीआर के साथ-साथ स्ट्रेच फैब्रिक की विस्तृत रेंज, टेसिनी ब्राण्ड में इण्डोनेशिया, चाइना से निर्मित फैब्रिक की विस्तृत रेंज को अच्छा समर्थन मिला। शर्टिंग ब्राण्ड बैलिनी में व्हाइट कलर की अनेक रेंज का समावेश किया गया। इसके अलावा रेडीमेड ब्राण्ड जोडमाइनर में नये कलेक्शन पेश किए गए जिसकी व्यापारियों ने जमकर बुकिंग कराई।

**अवॉर्ड पाकर व्यापारियों में जोश-** कंपनी के युवा डायरेक्टर श्री वरुण राठी ने बताया कि कंपनी अपने 25 वर्ष के आयोजन को उत्साहपूर्वक मना रही है कंपनी ने अपने व्यापारियों को टॉप टेन अवॉर्ड देकर इस कॉन्फ्रेंस में सम्मानित किया। इन अवॉर्ड को पाकर व्यापारियों में काफी उत्साह देखा गया। व्यापारियों के जोश की तारीफ करते हुए कंपनी मेनेजमेन्ट ने उन्हें भरोसा दिलाया कि एसजीएस हमेशा आप सभी के साथ खड़ा है।

**गंगटोक भ्रमण का भरपूर आनंद-** इस कॉन्फेंस के दौरान व्यापारियों ने उत्साह के साथ बुकिंग कराई वही गंगटोक के प्राकृतिक सौंदर्य का भरपूर आनंद लिया। व्यापारियों ने अपने परिवार के साथ गंगटोक की वादियों नाथूला दर्रा, चाइना बॉर्डर, चार धाम का भरपूर आनंद लिया। पहाड़ों के बीच बसे गंगटोक एवं आसपास के मनोरम दृश्य जहां एक ओर नदी तथा दूसरी ओर छोटे-छोटे झरनों का भरपूर आनंद लिया।

### 25 जुलाई से 20 अगस्त तक व्यापारियों का लगा तांता




**77 वें स्वतन्त्रता दिवस की सभी को शुभकामनाएँ**

श्री राठी ने इस वर्ष अपनी कॉन्फ्रेंस के दौरान सभी व्यापारियों के साथ मिलकर स्वतन्त्रता दिवस पर तिरंगा फहराकर कर सभी को इस ऐतिहासिक दिन की शुभकामनाएं प्रेषित की। सभी व्यापारियों, कम्पनी मैनेजमेण्ट, सहित कम्पनी की पूरी सेल्स टीम ने इस अवसर पर राष्ट्रगान गाया।






## सम्पादकीय....

# बच्चों की रचनात्मकता को दें बढ़ावा

यह एक तथ्य है कि बच्चों और किशोरों में खोजने और सीखने की प्रक्रिया काफी तीक्ष्ण होती है। खासकर अगर पढ़ाई-लिखाई के दौरान उनकी रुचि के विषय को निर्बाध तरीके से विकसित होने दिया जाए तो उनकी रचनात्मकता अक्सर कुछ नया खोज लाती है। लेकिन हमारे यहां आमतौर पर निर्धारित पाठ्यक्रम ज्यादातर बच्चों के लिए शिक्षण के ढांचे का एक अनिवार्य हिस्सा होता है और उसी के मुताबिक उन्हें अपनी पढ़ाई पूरी करनी होती है। किसी भी बच्चे के भीतर रचनात्मकता की असीम संभावनाएं होती हैं। अगर उसे एक सीमित ढांचे के भीतर समेट दिया जाता है तो उसकी प्रतिभा भी उसी दायरे में सिमट कर रह जाती है। इसलिए बचपन और किशोरावस्था में ही रुचियों की पहचान करके अगर किसी बच्चे को उसकी रुचि के क्षेत्र में जानने-समझने और कुछ करने का अवसर दिया जाए तो पूरी संभावना है कि भारी तादाद में बच्चों की प्रतिभा सामने आएगी और उसका लाभ देश और समाज को मिलेगा। हालांकि शिक्षा व्यवस्था में यह एक बुनियादी पक्ष होना चाहिए और कुछ हद तक इसका खयाल रखा भी गया है, मगर अब सरकार औपचारिक रूप से इस दिशा में एक ठोस पहल करने जा रही है।

**शिक्षा मंत्रालय शुरू करने जा रहा है 'प्रयास'**

गौरतलब है कि शिक्षा मंत्रालय स्कूली विद्यार्थियों को वैज्ञानिक पद्धतियों और प्रयोगों से परिचित करा कर उन्हें अनुसंधान और खोज का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 'प्रयास' यानी 'प्रमोशन ऑफ रिसर्च एटीट्यूड इन यंग एंड इन्सपायरिंग स्टूडेंट्स' योजना शुरू करने जा रहा है। इस योजना का मकसद युवा विद्यार्थियों के बीच वैज्ञानिक चिंतन उत्पन्न करना और साक्ष्य आधारित विज्ञान प्रक्रिया, नवीनता और रचनात्मकता का विकास करना है।

**बच्चों और किशोरों में काफी तीक्ष्ण होती है खोजने और सीखने की प्रक्रिया**

यह एक तथ्य है कि बच्चों और किशोरों में खोजने और सीखने की प्रक्रिया काफी तीक्ष्ण होती है। खासकर अगर पढ़ाई-लिखाई के दौरान उनकी रुचि के विषय को निर्बाध तरीके से विकसित होने दिया जाए तो उनकी रचनात्मकता अक्सर कुछ नया खोज लाती है। लेकिन हमारे यहां आमतौर पर निर्धारित पाठ्यक्रम ज्यादातर बच्चों के लिए शिक्षण के ढांचे का एक अनिवार्य हिस्सा होता है और उसी के मुताबिक उन्हें अपनी पढ़ाई पूरी करनी होती है। इसमें कई वैसे बच्चों की प्रतिभा दबी रह जाती है, जिनकी अभिरुचियों को सही दिशा और उसे समझने का अवसर नहीं मिल पाता है। बल्कि इसके उलट ऐसे मामले आम हैं, जिनमें स्कूली शिक्षा के दौरान कई बार अभिभावक बच्चों को ऐसे विषयों की पढ़ाई में झोंक देते हैं, जिसे उन्हें जबरन पढ़ना पड़ता है। यह मान लिया जाता है कि निर्धारित पाठ्य' म और अभिभावकों की इच्छा के मुताबिक ही बच्चों की शिक्षा-दीक्षा होनी चाहिए, उन्हें अपनी पसंद के विषय में कुछ नया समझने और सीखने के प्रति हतोत्साहित किया जाता है।

यह एक ऐसी स्थिति होती है, जिसकी वजह से स्कूली शिक्षा के दौरान बहुत सारे बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा का एक तरह से दमन हो जाता है। जो बच्चे ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में नई खोज के वाहक बन सकते हैं, वे एक बने-बनाए रास्ते के यात्री बने रह जाते हैं। इस लिहाज से देखें तो 'प्रयास' की अहमियत इस रूप में दर्ज की जा सकती है कि इसमें व्यक्ति गत रूप से या समूहों में अनुसंधान या खोज करने के लिए विद्यार्थियों की क्षमता विकास पर जोर दिया गया है। दरअसल, बच्चे सबसे ज्यादा अपने आसपास के वातावरण को देख-समझ कर सीखते हैं। शायद यही वजह है कि इस योजना के तहत किसी स्थानीय समस्या की पहचान और उसका अध्ययन करने, इसके पीछे के वैज्ञानिक कारणों की जांच करने और समाधान खोजने के साथ-साथ किसी विचार, कल्पना या अवधारणा पर शोध करने पर जोर दिया गया है। जाहिर है, अगर बच्चों और किशोरों के मनोविज्ञान की समझ रखने वाले विशेषज्ञों के सुचिंतित निर्देशन में सही दिशा में अवसर उपलब्ध कराए गए तो यह योजना विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता और रचनात्मकता के आकाश को विस्तार देने के लिहाज से एक अहम पहल साबित हो सकती है।

## कुछ नया, कुछ अलग •



श्री हरेश मेहता
प्रेसीडेन्ट-यश कॉटन कॉरपोरेशन
(प्रसिद्ध मार्केटिंग गुरू)

# समय की धारा के संग बहता चल

हमने यह बात कई बार सुनी है और अपने जीवन में चरितार्थ भी की है कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है। आज इस परिवर्तन को मैं अपने शब्दों में कुछ अलग तरीके से आपके सामने रखना चाहता हूं। जो कहीं न कहीं हम सभी ने महसूस किया होता है और इस परिवर्तन के साथ हम बहुत ही आदर के साथ चलते है। क्योंकि जो पुरानी जड़ता में फंस जाता है वो कहीं न कहीं जीवन मे पीछे रह जाता है। मैं उस समय को याद करना चाहता हूं जब किस्मत और जिंदगी करवट बदल रही थी।

अभी-अभी हमारी कंपनी की होलसेलर कॉन्फ्रेंस के लिए गोवा जाना हुआ। तब गोवा के नवनिर्मित एयरपोर्ट पर उतरना हुआ- जिसका नाम है मनोहर एयरपोर्ट। इस हवाई अड्डे के साथ मेरी कई पुरानी यादें है, उसका स्मरण हुआ। सन् 1982 में मुंबई से गोवा तक एक ही फ्लाइट थी जिसका एयर फेयर सिर्फ 70 रू था। मैं पहली बार ही जब मुंबई से गोवा फ्लाइट में गया था क्योंकि तब मेरे व्यापार की अभी छोटी सी शुरुआत हुई थी। यह बात उस शुरुआती दिनों की है, जब मैं जब पहली बार फ्लाइट से जा रहा था, तब घर में उत्सव जैसा माहौल था। मुझे अपने परिवार के 10 लोग एयरपोर्ट पर छोड़ने आए थे। उस समय मापुसा से पंजिम जाने के लिए फेरी बोट लेनी पड़ती थी। पंजिम से वास्को और मडगांव जाने के लिए भी फेरी बोट थी। उस समय कोई बहुत बड़ी फाइव स्टार होटल की भी सुविधा ही नहीं थी। उस समय सिर्फ ताज अगोड़ा फाइव स्टार होटल थी और पंजिम शहर में मांडवी नाम की बहुत पुरानी और बहुत बड़ी होटल थी, बस मुझे इतना याद है।

आज तो हम गिन न सके इतनी फाइव स्टार, फ़ॉर स्टार, थ्री स्टार होटल्स रिजॉर्ट्स वहां स्थापित हो गई है। उस समय टूरिस्ट भी बहुत लिमिटेड आते थे और मैं भी जब पहली बार आया, तब मुझे तो ऐसे ही लगता था कि न जाने मैं किसी फॉरेन कंट्री में जा रहा हूं। फिर गोवा के मापुसा स्टैंड पर उतरकर मुझे निराशा हुई कि यह तो हमारे हिंदुस्तान के एक कोंकण के गांव जैसा ही है। लेकिन जैसे-जैसे गोवा में मेरा व्यापार बढ़ता गया और बाद में मुझे जो गोवा के प्रति लगाव हुआ वो अप्रतिम है। जिसकी वजह से आज भी मेरा नाता गोवा से ऐसे ही अटूट रहा है। मैंने गोवा में खूब नाम कमाया और मधुर संबंध भी कमाये, रिश्ते बनाए। उस समय गोवा की हालत ऐसी थी की पंजिम जैसे शहर में एक साउथ इंडियन रेस्टोरेंट भी नहीं हुआ करता था और सभी रेस्टोरेंट नॉनवेज के लिए थे। वेजीटेरियन रेस्टोरेंट तो देखने को ही नहीं मिलता था और कोई बड़े-बड़े लग्जरियस रेस्टोरेंट भी नहीं देखने को मिलते थे। मुझे याद आ रहा है कि एक पंजाबी रेस्टोरेंट भी फर्स्ट फ्लोर पर कहीं थी। आज वह सब याद करके मेरा मन बहुत हर्षित हो रहा है। जाने पुरानी यादों ने मुझे खींचकर आलिंगन दिया हो। वात्सल्य किया हो ऐसा प्रतीत हो, रहा है। आज गोवा की भव्यता देखकर हम सब मोहित हो जाते है। यहां की सुख, सुविधा और अंदाज बिल्कुल परिवर्तित हो गया है। हम अपने टेक्सटाइल व्यापार में भी इस परिवर्तन के साक्षी रहे हैं। आज से 100 साल पहले टेक्सटाइल इंडस्ट्री का व्यापार सिस्टम कुछ अलग तरीके का था। बहुत लिमिटेड सुविधाएँ थी, मुंबई एक मुख्य केंद्र था। अहमदाबाद में प्रॉडक्शन होता था, मुंबई में मार्केटिंग होता था। पूरे भारतभर के लोग कपड़ा लेने के लिए मुंबई बाजार में आते थे और पुरानी पीढ़ी के साथ व्यापार करते थे और आज तो सब कुछ ऑनलाइन होने लगा है। हर एक बड़े सेंटर में कपड़े का बिजनेस बढ़ता जा रहा है। हमारे क्षेत्र में परिवर्तन जरूर आया है लेकिन उस परिवर्तन को स्वीकार करके हमें उसकी गति से चलना चाहिए। यह एक व्यावहारिक कदम है। जो लोग समय के साथ चले हैं वह ही आगे बढ़े हैं, विकसित हुए हैं।

मैं उस समय का स्मरण करता हूँ जब सबसे पहले मेरे जीवन में संगीत आया। मुझे गाने का शौक लगा, गाने सुनने का शौक लगा। तब रेडियो भी किसी बड़े खजाने से कम नहीं था। तब बहुत ही अमीर लोग ही रेडियो रखा करते थे। चाबी वाले ग्रामोफोन थे, उसके बाद टेप रिकॉर्डर आये, सी.डी., डीवीडी का जमाना आया और फिर दुनिया बदलती गई... बदलती गई... और आज यह सारा कुछ एक छोटी सी पेनड्राइव में समा गया है। एक मोटी झाड़ी कैसेट का वह युग भी देखा है और आज पेनड्राइव का युग भी हम एन्जॉय कर रहे हैं। बस कहने का मतलब यही है आप अगर समय के साथ समय को पहचान कर आगे ना बढ़े, जो आगे का सोच ना सकें तो आप समय की रेस में पीछे रह जाएंगे और हमें पीछे नहीं रहना है। तो चलो, समय की उंगली थाम लो और सफलता के रास्ते निकल पड़ो।

ओ साथी चल...
मुझे ले के साथ चल तू
यूँ ही दिन रात चल तू
संभल मेरे साथ चल तू
ले हाथों में हाथ चल तू
ओ साथी चल...

Email: harresh.mehta@yashcotton.com | Mobile +91 82916-71111




# अच्छी शर्टिंग में मूवमेंट, डेनिम में कारोबार सुधरा

मुंबई/ बाजार में फिनिश कपड़ों का भरपूर स्टॉक होने, ऑफ सीजन में गारमेण्ट की बिक्री कमजोर रहने, सीजनल मांग निकलने में देरी और कपड़ों का आयात बढ़ने के साथ अमेरिका की क्रेडिट रेटिंग द्वारा रेटिंग डाउनग्रेड करने से पूरे विश्व में मंदी के बढ़े आसार के बीच देश से कपड़ों और गारमेण्ट के निर्यात कम होने की बढ़ी संभावना से कपड़ा बाजार में मंदी है। लूमों पर कपड़ों का उत्पादन घटा है। प्रोसेस हाउसों में कारोबार कम हो गया है। डिजिटल प्रिंटिंग में अच्छी संभावना के बावजूद कामकाज अच्छा नहीं है। गारमेण्ट इकाइयों में उत्पादन धीमा होने के कारण फिनिश कपडों की मांग घटी है। उधारी की मियाद बढ़ने से आर्थिक संकट बढ़ा है। कपड़ों के उत्पादन से लेकर बिक्री तक हाल संयोग धुंधला है। कारोबारियों की तैयारियां रक्षाबंधन एवं नवरात्रि के लिए पुरजोर है। व्यापारी सीजन में चलने वाले कपड़ों का स्टॉक करना चाहते हैं, लेकिन पुराने स्टॉक एवं कमजोर ग्राहकी तथा बढ़ता आर्थिक संकट हाथ खींचने पर मजबूर कर रहा है।

अधिक मास होने के कारण इस बार त्योहारों की ग्राहकी निकलने में देरी हो सकती है, दीपावली जैसा त्योहार नवम्बर महीने में है। इसलिए कारोबारियों को त्योहारों एवं वैवाहिक सीजन की ग्राहकी सितम्बर से पहले निकलने की संभावना कम दिखाई दे रही है। बाजारों में अच्छी गुणवत्ता के कपड़ों में कारोबार हो रहा है, लेकिन इसकी गति बहुत धीमी है। कॉटन यार्न के भाव स्थिर नहीं है। कभी घटता है, तो कभी बढ़ता है। ऐसी स्थिति में कपड़ों का उत्पादन जारी रखने में वीवर्स की दिक्क तें बढ़ जाती है। लूमों पर कपड़ों का उत्पादन कम उतर रहा है। ग्रे कपड़ों के लेवाल कम हैं। आगे बाजार किस करवट बैठेगा, कहना मुश्किल है। अधिकतर वीवर्स को लगता है कि एक बार कॉटन यार्न के भाव स्थिर हो जाए तो उत्पादन को गति मिलेगी। अभी कॉटन यार्न और कॉटन कपड़ा दोनों सुस्त है। मांग का अभाव है। दूसरे बिके कपड़ों की उधारी लौटने में इतनी देरी होती है कि कारोबारियों का पूरा रोटेशन ही बिगड़ जाता है। इन सभी कारणों से कपड़ा बाजार में कारोबार कम है और मंदी पसरी है। मिलों का जोर आगे की सीजन के लिए नये विकसित उत्पादों को बड़े पैमाने पर बाजार में उतारने पर है तो दूसरी ओर चीन से कपड़ों का आयात बढ़ा है। बांग्लादेश से निटेड गारमेण्ट का शुल्क मुक्त आयात तेजी से बढ़ रहा है। तो वहीं वैश्विक मंदी की अवधारणा से देश से कपड़ों के साथ गारमेण्ट का निर्यात घटने की आशंका है। इसलिए मिलों से लेकर प्रोसेस कपड़ों में कारोबार करने वालों का ध्यान स्थानीय बाजारों पर अधिक है। ऐसा माना जा रहा है कि त्योहारी ग्राहकी निकलने पर कपड़ा उद्योग की स्थिति में व्यापक सुधार की उम्मीद है। देश में बारिश अच्छी होने से इस बार त्योहारी सीजन में कपड़ों की बिक्री बढ़ने की संभावना है। कपड़ों में कारोबार अधिकतर उधारी में अधिक होता है। यदि इस उधारी की अवधि अधिक होगी तो स्वाभाविक है कि यह कपड़ा महंगे भाव पर बेचा गया होगा। लेकिन इसमें एक जोखिम अधिक रहता है कि कपड़ा नहीं बिकने पर लौटाया भी जाता है। ये दोनों स्थितियां कारोबार के अनुकूल नहीं है। शर्टिंग में भरपूर स्टॉक है। शर्टिंग का उठाव कम हो गया है। इसमें अच्छी क्वालिटी में थोड़ा बहुत कामकाज हो रहा है, लेकिन हल्की एक कम भाव की शर्टिंग में कारोबार घटता जा रहा है। वहीं प्रीमियम कॉटन शर्टिंग में कारोबार हमेशा अच्छा होता है। इस किस्म की शर्टिंग के उत्पादक कम है, जिससे इनमें कोई गलाघोंटू प्रतिस्पर्धा नहीं है, माल बिकता रहता है। सूटिंग में कारोबार मंदा है, तथापि मिलों की सूटिंग में थोड़ा बहुत कामकाज है। परंतु आयातित सूटिंग का इधर कुछ समय से आयात बढ़ा है। ऊंचे भाव पर लेवाल कम है, तो कम भाव पर बिकवाल नहीं है। सलोना सूटिंग 60'' पना प्रति मीटर भाव 146 रू है। टीआर फैंसी सूटिंग का भाव 250 से 450 रू तक है। प्लेन टीआर सूटिंग भी आ रही है, इसमें आठ से दस कलर उपलब्ध है।

## ICHALKARANJI SHUTTLELESS FABRICS MANUFACTURERS ASSOCIATION (ISFMA) TO ORGANISE YARN EXPO 2023 IN ICHALKARANJI

ISFMA – An Ichalkaranji based fabrics manufacturers association once again takes a lead to Organise its 2 nd Edition of Yarn Expo 2023 – The Trade Bridge on 10 th & 11 th October 2023 at Ichalkaranji.

LENZING FIBERS INDIA PRIVATE LIMITED is the main sponsor for the event. Leading Spinners, Fibre Manufacturers, Fancy yarn producers, Online Yarn Portals, Importers, Traders etc. around the country are participants to this show.

Ichalkaranji - One of the fastest growing Textile Hub of the country, has more than 22000 shuttleless weaving machines in and around the town and with the promise of doubling the capacity – this area is just unstoppable. Yarn remains the raw material to the manufacturing of fabrics and hence there is fantastic demand of yarn in this market. Looking at this scenario ISFMA last year orgainsed its first YARN EXPO 2022 which was a super hit and hence initiated ahead for its second edition.

DKTE is the knowledge partner and TAIMU (Students Chapter) is the event coordinator for the show.

A very big foot fall is expected for this event by the Organisers and Participants of the show.




## प्रथम पुण्य स्मरण

।।ॐ शांति ॐ।।

प्रतिष्ठान
देवकरण खण्डेलवाल एण्ड कम्पनी,
बाजार नम्बर 2, भीलवाड़ा



स्व. श्रीमान् देवकरण जी खण्डेलवाल
(स्वर्गवासः 30-08-2022)

श्रद्धावनत

योगेन्द्र शर्मा (संपादक) एवं समस्त टेक्सटाइल वर्ल्ड परिवार, (भीलवाड़ा)

## श्रद्धांजलि



स्वर्गीय श्री आरएल नौलखा
(स्वर्गवास 12/08/2023)

